# चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर रायगढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाही : 5 आरोपी आईटी एक्ट में गिरफ्तार, सायबर सेल और शहर के थानों की संयुक्त कार्यवाही

**❒ एनसीआरबी से प्राप्त होने वाले टीप लाइन पर जिले में अभियान स्तर पर कार्यवाही जारी, शहर के 3 थानों में अपराध दर्ज**



**रायगढ़।** इंटरनेट पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़े कंटेंट एक्सेस करने वाले और शेयर करने वालों पर रायगढ़ पुलिस की सायबर सेल और शहर के थानों की टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये थाना कोतवाली में 03, कोतरारोड़ में 02 एवं थाना जूटमिल में 01 टीप लाइन पर आईटी एक्ट की धारा 67 (बी) के तहत अपराध दर्ज बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जिले के थाना चक्रधरनगर, घरघोड़ा, खरसिया को प्रेषित सायबर टीप लाइन जांच में हैं, जिनमें भी शीघ्र अपराध दर्ज कर आरोपियों पर विधि सम्मत कार्यवाही किया जावेगा।

प्राय: देखा जा रहा है कि बार-बार चेतावनी के बावजूद भी लोगों के द्वारा चाइल्ड पोर्नोग्राफी के कंटेंट मोबाइल पर देखे जाते हैं। ऐसे सभी सोशल साइट राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की निगरानी में हैं, जो सोशल साइट पर ऐसे कंटेंट, फोटो, वीडियो शेयर करने वालों को चिन्हांकित कर उन पर कार्यवाही करती है। एनसीआरबी द्वारा पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर को लगातार ऐसे प्रकरणों में विस्तृत जांच कर कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन प्रेषित किया जाता रहा है जिस पर जिले में अभियान स्तर पर आईटी एक्ट की धारा 67 (बी) के तहत कार्यवाही किया जा रहा है।

आईटी एक्ट की धारा 67 (बी) को सरल शब्दों में इस प्रकार समझा जा सकता है कि "कोई व्यक्ति अश्लील या अभद्र या यौन रूप से स्पष्ट रूप से बच्चों को चित्रित करने वाले किसी भी इलेक्ट्रॉनिक रूप में पाठ या डिजिटल चित्र बनाता है, एकत्र करता है, खोजता है, ब्राउज़ करता है, डाउनलोड करता है, विज्ञापन करता है, प्रचार करता है, आदान-प्रदान करता है या वितरित करता है"। वह आईटी एक्ट की धारा 67 (बी) के तहत दोषी होगा। इस अपराध में पहली दोषसिद्धि पर दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि पांच वर्ष तक की हो सकती है और जुर्माने से, जो दस लाख रुपए तक बढ़ाया जा सकता है और दूसरी या पश्चात्वर्ती दोषसिद्धि की दशा में, दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि हो सकती है, दंडित किया जाएगा। सात साल तक का विस्तार और जुर्माना जो दस लाख रुपये तक हो सकता है।

इसी क्रम में विगत दिनों पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से प्राप्त चाइल्ड पोर्नोग्राफी संबंधी टीप लाइन (NCRB का पत्र) की विस्तृत जांच के आधार पर थाना कोतवाली में 03, कोतरारोड़ में 02 एवं जूटमिल में 01 अपराध धारा 67 (बी) आईटी एक्ट के तहत कायम किये गये हैं। मामले की जांच पर थाना कोतवाली के अपराध में आरोपी- (1) मोहम्द वसीम उर्फ भोपू पिता मो अशरफ 22 साल निवासी शाहपुर थाना मनियारी, जिला मुज्फरपुर बिहार हाल मुकाम दीनदयाल कालोनी रायगढ़ (2) महिला आरोपी जूटमिल थानाक्षेत्र जिस पर दो अलग-अलग मामले दर्ज। थाना कोतरारोड़ के अपराध में आरोपी- (1) अमित खलखो पिता अलबिनुस खलखो उम्र 19 वर्ष निवासी गोरखा थाना कोतरारोड जिला रायगढ (2) सौरभ शर्मा पिता दिलीप शर्मा उम्र 39 वर्ष निवासी म.नं. 820, वार्ड नं. 12, गौतरा, थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर छ.ग. हाल मुकाम मकान नंबर 7 फेस 2 कृष्णवाटिका रायगढ़ छत्तीसगढ़ कोतरारोड़ तथा थाना जूटमिल के अपराध में आरोपी- (1) शुभम राय पिता रमेश रॉय उम्र 25 साल निवासी झोपड़ीपारा थाना जूटमिल रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार द्वारा बीते दिनों पुलिस मुख्यालय में ली गई कार्यशाला के परिपालन में सभी थाना, चौकी प्रभारियों और साइबर सेल के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संयुक्त बैठक आयोजित की गई थी जिसमें सायबर टीप लाइन पर विधिवत कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। साथ ही साथ जिले में साइबर संबंधी जागरूकता अभियान में तेजी लाने निर्देशित किया गया था जिसके परिपालन में साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा लगातार कार्यशाला आयोजित की गई और समस्त थानों के चिन्हांकित स्टाफ को बुलवाकर उन्हें सायबर क्राइम पोर्टल पर कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण दिलवाया गया। साथ ही साथ जागरूकता कार्यक्रम चलाने संबंधी निर्देश दिए गए जिस क्रम में पिछले बुधवार को साइबर सेल की टीम द्वारा शिव कानन कॉलोनी में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसएसपी रायगढ़ के निर्देशन पर सायबर सेल और सभी थानों में "सायबर हेल्प डेस्क" बनाये जा रहे हैं। इस हेल्प डेस्क द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड के पीड़ित की हर संभव मदद करें। सायबर फ्रॉड के पीड़ित समय रहते हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल कर मदद लें अथवा सायबर सेल या नजदीकी थानों मे जाकर CCTNS के सायबर पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कराएं। सायबर पोर्टल ऑटो ट्रैकिंग कर पैसा होल्ड कराकर वापस करने मे मदद करती है या पीड़ित Cybercrime.gov.in पर भी रिपोर्ट कर सकते हैं।

रायगढ़ के संवेदनशील वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा "जनचेतना" जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किये जाने वृहद रूप से अभियान चलाने साइबर सेल एवं सभी थाना, चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है जिस पर लगातार विभिन्न थानाक्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक सीताराम ध्रुव के नेतृत्व में पुसौर पुलिस द्वारा ग्राम चंघोरी में जन चेतना चौपाल लगाकर साइबर क्राइम, ऑनलाइन ठगी, महिला से संबंधित होने वाले अपराध नशा मुक्ति अभियान, यातायात नियमों के संबंध में ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सरकारी कर्मचारियों के लिए पुराना पेंशन या एनपीएस विकल्प चयन का अंतिम अवसर आज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** राज्य शासन के शासकीय कर्मचारियों को एन.पी.एस. अथवा ओ.पी.एस. पेंशन स्कीम का चयन के लिए विकल्प प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान की गई है। शासकीय सेवक 08 मई 2023 को विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि में संबंधित शासकीय सेवकों द्वारा एन.पी.एस. अथवा ओ.पी.एस. के चयन के विकल्प प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो भविष्य में किसी प्रकार का विकल्प चयन करने का अन्य अवसर नहीं दिया जाएगा। इस स्थिति में संबंधित शासकीय सेवकों को एन.पी.एस. मान्य कर कार्यवाही की जावेगी। सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने अधीनस्थ शासकीय सेवकों को एन.पी.एस. अथवा ओ.पी.एस. विकल्प भरवा कर कार्मिक संपदा में अपलोड करने की प्रक्रिया समय अवधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

### कोचिंग हेतु फैकल्टियों से अंशकालीन अध्यापकों के लिए 10 मई तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा संचालित "सारबिला कैरियर अकादमी" के निःशुल्क कोचिंग में फेस-1 अंतर्गत छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग-व्यापम, रेलवे, बैंकिंग, एसएससी, प्री-डीएड, प्री-बीएड, सीजीटीईटी कोर्स और फेस-2 अंतर्गत नीट, जेईई, आईआईटी, एआईईईई, पीईटी, पीएटी, पीपीएचटी, प्री-नर्सिंग सहित प्रतियोगी परीक्षाओं के कक्षा संचालन और अंशकालीन अध्यापकों के चयन के लिए फैकल्टियों और अध्यापन कार्य हेतु शासकीय कर्मचारी कोचिंग फैकल्टी, पूर्व अनुभवी शिक्षक व इच्छुक व्यक्ति से 10 मई 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी सारंगढ़ में जमा कर सकते हैं। आवेदकों के साक्षात्कार की संभावित तिथि 11 एवं 12 मई 2023 है। इस संबंध में समन्वयक सत्येन्द्र बसंत के मो.नं.7697763128 और सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुर्रे के मो.नं.8770832830 से संपर्क कर सकते हैं।

# लड़की से छेड़खानी के आरोप में धमतरी का युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** दिनांक 06.05.2023 को थाना कोतवाली में 17 वर्षीय बालिका द्वारा ग्राम अर्जुनी, धमतरी के युवक उमेश बंजारे (23 साल) पर उसके मोहल्ले आकर घर के पास छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। बालिका बताई कि 7-8 माह पहले उसके मोबाइल पर अननोन नंबर से कॉल आया जिसे राँग नंबर कहकर बात नहीं की। उसके बाद उसी नंबर से बार-बार एक युवक कॉल कर बेवजह बातचीत का प्रयास करता था, मना करने के बावजूद दूसरे-दूसरे नंबरों से कॉल करता था। लड़के ने अपना नाम उमेश बंजारे धमतरी का बताया था ना जाने कैसे उमेश बंजारे घर का पता कर 05 मई के रात करीब 08 बजे मोहल्ले में आ गया और कॉल कर घर के बाहर हूं बताया। घर के बाहर निकलकर देखने पर एक लड़का खड़ा था जो अपना नाम उमेश बंजारे बताया और एकाएक गंदी नियत से पकड़ लिया। तब शोर मचाने पर आस पडोस के लोग आये तब उमेश भागा। बालिका के रिपोर्ट पर आरोपी युवक के विरूद्ध धारा 354, 354(ख) आईपीसी 8, 12 पोक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी कर तत्काल आरोपी की पतासाजी कर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी होमेश उर्फ उमेश बंजारे उर्फ गोलू पिता देवशरण बंजारे उम्र 23 साल निवासी तरसिंवा थाना अर्जुनी जिला धमतरी को हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



# रायगढ़ के इतिहास को समेटे संग्रहालय की हो रही साज-सज्जा

**❒ पंडित लोचन प्रसाद पांडेय स्मृति जिला पुरातत्व संग्रहालय का हो रहा जीर्णोद्धार**

**❒ कलेक्टर सिन्हा की पहल से शुरू हुआ कार्य, निरीक्षण के दौरान दिए थे निर्देश**

**❒ पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के साथ रंग-रोगन और बाउंड्रीवाल बनाने का हो रहा काम**



**रायगढ़।** रायगढ़ के हृदयस्थल नटवर स्कूल मैदान में स्थित पंडित लोचन प्रसाद पांडेय स्मृति जिला पुरातत्व संग्रहालय रायगढ़ तथा क्षेत्र के समृद्ध इतिहास को संजो कर रखे हुए है। यहां सहेजे गए पुरातात्विक अवशेष इस क्षेत्र की मानवीय और सांस्कृतिक इतिहास के पुख्ता दस्तावेज हैं। पुरातत्व संग्रहालय में सुविधाओं के विस्तार के लिए कार्य कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने अपनी पदस्थापना के बाद से शुरू कर दिया था। जिसके परिणाम अब सामने दिखने लगे हैं। कलेक्टर सिन्हा के निर्देश में पुरातत्व संग्रहालय की रंगाई-पुताई की जा रही है। यहां गार्ड रुम, शौचालय, बाउंड्रीवाल को भी बनाया जा रहा है। जिससे यहां आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं और अच्छा अनुभव मिल सके।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने बीते 28 फरवरी को संग्रहालय का निरीक्षण किया था। यहां उन्होंने सुविधाएं बढ़ाने और संग्रहालय के साज-सज्जा के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। उनके निर्देश के बाद संग्रहालय में कार्य शुरू कर दिया गया है। यहां भवन की रंगाई-पुताई की जा रही है। भवन में शौचालय और गार्ड रूम का निर्माण किया जा रहा है। सुरक्षा के लिहाज से यहां के बाउंड्रीवॉल का भी निर्माण किया जा रहा है।

गौरतलब है कि पंडित लोचन प्रसाद स्मृति पुरातत्व संग्रहालय में जिले के विभिन्न स्थानों में आदिमानव द्वारा निर्मित शैलचित्र अंकित है। इन शैलचित्रों में मानव सभ्यता की उत्पत्ति से लेकर विकास गाथा तक की शैलचित्र उकेरे गए हैं। संग्रहालय भवन में रखे छठवीं से बारहवीं शताब्दी तक की विभिन्न मूर्तियां, वनस्पति जीवाश्म, प्रस्तर जीवाश्म, पाण्डुलिपियां भी रखे गए हैं

# छत्तीसगढ़ व्यापमं की परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों को अब एक बार ही भरना पड़ेगा प्रोफाइल पंजीयन

**❒ आईडी पासवर्ड की तर्ज पर काम करने की व्यापमं की पहल**




**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** आईडी पासवर्ड के तर्ज पर काम करने की व्यापमं द्वारा पहल की जा रही है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आगामी कई प्रकार के प्रवेश परीक्षाओं और भर्ती परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। आम तौर पर एक ही आवेदक कई परीक्षाओं के लिए आवेदन करते हैं। प्रत्येक आवेदन में अपनी व्यक्तिगत जानकारी बार बार भरना पड़ता है।अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए राज्य शासन के निर्देश पर व्यापमं ने आवेदकों के प्रोफाइल पंजीकरण की व्यवस्था अपने पोर्टल पर की है। एक बार व्यापमं के पोर्टल में प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन /पंजीयन करने के बाद परीक्षा विशेष के लिए आवेदन करने हेतु आवेदक को बार बार व्यक्तिगत जानकारी नहीं भरनी होगी। यह जानकारी आवेदन भरते समय उनके प्रोफाइल पंजीयन में स्वमेव आ जायेगी। इससे त्रुटि की संभावना कम होगी।

अभ्यर्थी बात का ध्यान रखें कि व्यापमं द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के आवेदन भरने के पूर्व व्यापमं के पोर्टल पर प्रोफाइल पंजीकरण करना अनिवार्य है। प्रोफाइल पंजीकरण सिर्फ एक बार करना होगा तथा उसी प्रोफाइल पर लॉग इन कर अभ्यर्थी व्यापमं द्वारा आयोजित परीक्षाओं का आवेदन भर सकेगा। व्यापमं ने अभ्यर्थियों को यह विशेष हिदायत दी है कि प्रोफाइल बनाते समय पूर्ण सावधानी बरतें क्योंकि प्रोफाइल का एक बार उपयोग करने के बाद इसमें सुधार सिर्फ व्यापमं में उपस्थित होने के बाद ही किया जा सकेगा जिसके लिए शुल्क भी देना होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार ने अभ्यर्थियों को व्यापमं का फॉर्म भरने की निशुल्क सुविधा दी है। व्यापम का वेबसाइट पोर्टल https://vyapam.cgstate.gov.in है।

# प्लांट से चोरी हुए लोहे की पाइप, एंगल और रोलर के साथ आरोपी गिरफ्तार

**❒ चोरी के अपराध में तमनार पुलिस ने भेजा रिमांड पर**



**रायगढ़।** थाना तमनार में जेपीएल पावर प्लांट तमनार के सिक्योरिटी इंचार्ज शिवप्रसाद बंजारा द्वारा बीते 5-6 मई के दरमियानी रात प्लांट परिसर से लोहे की पाइप, एंगल और रोलर करीब 40 हजार रुपए का अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी का अपराध दर्ज कर तमनार पुलिस द्वारा स्थानीय मुखबिरों से पूछताछ कर जानकारी लिया गया जिसमें इंदिरा नगर में रहने वाले मोरजिम हुसैन पर प्लांट परिसर से लोहे की पाइप चुराकर उसके बाड़ी के पीछे छिपा कर रखे होने की जानकारी दिया।

तत्काल थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक प्रवीण मिंज के हमराह स्टॉफ द्वारा दबिश देकर संदेही को पकड़ा गया। संदेही मोरजिम हुसैन से कड़ी पूछताछ करने पर प्लांट से लोहे के पाइप, रोलर, एंगल चोरी कर बाड़ी में छुपा कर रखना बताया।

आरोपी मोरजिम हुसैन पिता स्वर्गीय अली हसन हुसैन उम्र 45 साल निवासी पाटकेलदंगा थाना सागरडीह जिला मुर्शिदाबाद हाल मुकाम एलिसन टोप्पो का मकान इंदिरा नगर थाना तमनार जिला रायगढ़ के मेमोरेंडम कथन पर लोहे का 3 बड़े पाइप, 3 एंगल और 4 रोलर कीमत करीब रु.40,000 का बरामद कर जब्त किया गया है। आरोपी को तमनार पुलिस ने चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया , जहां उस पर जारी जेल वारंट पर जिला जेल दाखिल किया गया है।

# केंदई वन परिक्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचा हाथियों का दल, आधा घंटा बाधित रहा यातायात



**कोरबा (आरएनएस)।** कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र के परला गांव से लगे कटघोरा.अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में हाथियों के झुंड को सडक़ पार करते देखा गया। इस दौरान मार्ग के दोनों छोर में आवागमन आधे घंटे तक बाधित रहा। 33 की संख्या में हाथियों के निकटवर्ती जंगल में डेरा डालने से ग्रामीणों भय बना हुआ है।

हाथियों की चहलकदमी रहवासी क्षेत्र में ऐसे समय में बढ़ी है जब तेंदू पत्ता संग्रहण शुरू होने वाली है। दल में हाथियों के छह छोटे बच्चे भी शामिल हैं। वन विभाग ने निकटवर्ती गांव के ग्रामीणों को सतर्क किया है कि वे जंगल की ओर न जाएं। ग्रीष्म असर बढऩे से जंगल में वन्य जीवों के लिए जल संकट बढऩे लगा है। चारा और पानी की तालाश में हाथी रहवासी क्षेत्र की ओर आने लगे हैं। बताना होगा पसान और केंदई वन परिक्षेत्र अन्य क्षेत्रों की तुलना में हाथियों के लिए अनुकूल है। यही वजह है कि हाथियों का विचरण इस क्षेत्र में लगातार बना हुआ है। विभाग में अमलों की कमी बनी हुई है। इस वजह से हाथियों के गतिविधियों के बारे में आम लोगों को सही समय पर जानकारी नहीं मिलती। तेंदूपत्ता संग्रहण आठ माई से शुरू होने वाली हैं। वन विभाग ने पहले ही घोषणा कर दिया है कि हाथियों के दल के आते ही संग्रहण कार्य बंद कर दिया जाएगा। बताना होगा कि जिस तादाद में हाथियों की संख्या वन क्षेत्र में बढ़ रही है उसकी तुलना में सुरक्षा के उपाय नहीं किए जा रहे हैं। रहवासी क्षेत्र में मकान तोडऩे और फसल नुकसान की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं।

# शादीशुदा गर्लफ्रेंड ने प्रेमी के साथ मिलकर की पूर्व प्रेमी की हत्या

**सूरजपुर (आरएनएस)।** जिले में शादीशुदा गर्लफ्रेंड ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पूर्व प्रेमी की हत्या कर दी है। पहले तीनों ने साथ में बैठकर शराब पी थी। इसके बाद महिला और उसके प्रेमी ने शख्स का गला दबा दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या कर शव को बोरे में भरकर पानी में फेंक दिया था। शव मिलने के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ है।

30 अप्रैल को ही परिजनों ने लक्ष्मणपुर निवासी सुन्दर साय के लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। इसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मगर कुछ पता नहीं चला। इस बीच 2 मई को उसका शव कमलपुर खदान में पानी से भरे गड्?ढे में मिला। आस-पास के लोगों ने ही बोरे में बंधी हुई लाश देखी थी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी।



**पत्नी की हो चुकी है मौत**

पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। जिसमें पुलिस को पता चला कि सुंदर साय की पत्नी का निधान 2014 में हो गया था। तब से उसका प्रेम प्रसंग कमलपुर निवासी भगमेन बाई(40) से चल रहा था। मगर कुछ समय पहले विवाद के बाद से भगमेन बाई किसी और से प्रेम करने लगी थी।

**पति को छोड़ दिया था-** पुलिस को यह भी पता चला कि भगमेन बाई ने शादी के बाद से पति का छोड़ दिया था। वो अकेली ही घर पर रहती थी। वर्तमान में उसका संबंध सोमार साय(26) से चल रहा था। ये सब जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने भगमेन बाई और सोमार साय को हिरासत में लिया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

**शराब व मुर्गा पार्टी के बाद हत्या-** आरोपियों ने बताया कि 25 अप्रैल की शाम को सुंदर साय भगमेन बाई के घर गया था। उसने साथ में शराब और मुर्गा रखा था। उसने कहा कि चलो शराब पीते हैं। इस पर भगमेन ने अपने प्रेमी को फोन कर बुला लिया। फिर तीनों ने मिलकर घर से कुछ दूर पर ही स्थिति सुनसान जगह पर शराब पी। मुर्गा भी खाया। इसके बाद भगमेन के घर आने जाने को लेकर सोमार और सुंदर के बीच विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ा कि सोमार ने सुंदर को पहले पीटा। फिर उसे जमीन पर पटक दिया। जिसके बाद भगमेन बाई भी मौके पर पहुंच गई। उसने सोमार के साथ मिलकर सुंदर का गला घोंट दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद शव को खदान के अंदर पानी में फेंक दिया गया। आरोपियों के जुर्म कबूल करने के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सोमार और मृतक सुंदर खेती किसानी करते थे। फिलहाल मामले में जांच जारी है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480